प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 03.12.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. **आईआईटी आईएसएम धनबाद के शताब्दी समारोह में पीएमओ के प्रधान सचिव डॉ. पी.के. मिश्रा हुए शामिल, खनन शिक्षा और तकनीकी क्षेत्र में संस्थान की अपार संभावनाओं की सराहना की।**

2. **नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान में लातेहार पुलिस को मिली बड़ी सफलता, जेजेएमपी के दो एरिया कमांडर गिरफ्तार।**

3. **परमवीर चक्र विजेता लांस नायक अल्बर्ट एक्का की पुण्यतिथि पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने उन्हें किया नमन, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने गुमला में उन्हें पुष्पांजलि की अर्पित।**

4. **सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने फेक न्यूज़ पर कड़ी कार्रवाई की आवश्यकता दोहराई, आज लोकसभा में कहा– डीपफेक की पहचान और कार्रवाई के लिए नया मसौदा नियम किया गया जारी।**

5. **विश्व दिव्यांगता दिवस पर स्वास्थ्य मंत्री ने जमशेदपुर में प्रतिभावान दिव्यांगों को किया सम्मानित, कहा– सरकार सभी दिव्यांगों को निर्बाध सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध।**

****

आईआईटी आईएसएम धनबाद के शताब्दी वर्ष समारोह का उद्घाटन करते हुए प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. पीके मिश्रा ने कहा कि संस्थान का इतिहास खनन शिक्षा में उत्कृष्ट रहा है और अब तकनीक के क्षेत्र में भी इसके उज्ज्वल भविष्य की अपार संभावनाएं हैं। मौके पर उन्होंने कई परियोजनाओं का लोकार्पण किया। साथ ही यूके की जिओ टेक कंपनी द्वारा इंडिया–यूके तकनीकी साझेदारी को मजबूत करने के प्रयासों की सराहना की। वहीं संस्थान के निदेशक प्रोफेसर डॉ. सुकुमार मिश्रा ने धनबाद वासियों से अनुरोध किया कि वे कैंपस आ कर लैब के साथ ज्ञान विज्ञान प्रांगण को देखें। प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पीके मिश्रा धनबाद से लौटते समय देवघर पहुंचे, जहां उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने उनका स्वागत किया।

****

नक्सलियों के ख़िलाफ़ चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान में लातेहार पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन जेजेएमपी के दो एरिया कमांडरों सुनील उरांव और मुकेश लोहरा को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने बताया कि पप्पू लोहरा के मारे जाने के बाद दोनों संगठन को पुनर्जीवित करने के प्रयास में सक्रिय थे और उन्हें गुप्त सूचना के आधार पर दबोचा गया।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज रांची लोक भवन में देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती और परमवीर चक्र सम्मानित शहीद लांसनायक अल्बर्ट एक्का की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी परमवीर चक्र विजेता शहीद अल्बर्ट एक्का की शहादत दिवस पर उन्हें नमन किया। अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर उन्होंने लिखा कि झारखंड की मिट्टी के इस वीर सपूत को देश हमेशा गर्व से याद करता रहेगा।

****

परमवीर चक्र विजेता लांस नायक अल्बर्ट एक्का की पुण्यतिथि पर नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने गुमला पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि देश को उनके वीरता और बलिदान से निरंतर प्रेरणा लेनी चाहिए, क्योंकि अल्बर्ट एक्का का योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता।

****

झारखंड हाईकोर्ट ने कथित जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक मामले में दायर जनहित याचिका को खारिज करते हुए कहा कि परीक्षा परिणाम जारी करने में अब कोई बाधा नहीं है। अदालत ने 10 संदिग्ध अभ्यर्थियों को छोड़कर शेष सभी उम्मीदवारों का रिजल्ट तुरंत जारी करने का निर्देश दिया। फैसले से महीनों से नियुक्ति प्रक्रिया की प्रतीक्षा कर रहे अभ्यर्थियों को बड़ी राहत मिली है।

****

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने फेक न्यूज को लोकतंत्र के लिए खतरा बताया। आज लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए श्री वैष्णव ने कहा कि एआई जनित डीप फेक की पहचान करने और उनके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए एक नया मसौदा नियम प्रकाशित किया गया है। उन्होंने कहा कि फेक न्यूज पर कार्रवाई करने की आवश्यकता है।

****

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत चतरा जिले के गरीबों को स्थाई छत उपलब्ध कराकर बेहतर तरीके से जीवन बसर करने में सहायक साबित हो रही है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

आज विश्व दिव्यांगता दिवस है। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफ़ान अंसारी जमशेदपुर पहुंचे, जहां उन्होंने 10 बैटरी–ऑपरेटेड ट्राइसाइकिल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही कई प्रतिभावान दिव्यांग बच्चों और व्यक्तियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री राज्यभर के दिव्यांगजनों को सम्मान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं और आगामी विधानसभा में प्रस्ताव लाया जाएगा ताकि सभी दिव्यांगों को सरकारी सुविधाओं का लाभ बिना बाधा मिल सके।

****

हजारीबाग में 27 से 29 दिसंबर तक 17वीं झारखंड यूथ वॉलीबॉल चैंपियनशिप का आयोजन होगा, जिसमें राज्यभर से लगभग 500 महिला और पुरुष खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रतियोगिता के दौरान तीन कोर्ट पर सुबह 9 से शाम 6 बजे तक नॉकआउट मुकाबले खेले जाएंगे और इन्हीं खिलाड़ियों में से झारखंड यूथ वॉलीबॉल टीम का चयन कर नेशनल प्रतियोगिता के लिए भेजा जाएगा। हजारीबाग वॉलीबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष भैया अभिमन्यु प्रसाद ने जानकारी दी कि आयोजन की सभी तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

********समाप्त*********